आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 गुरूवार 02.04.2026

<u>मुख्य समाचारः—</u>

1— खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में आज छत्तीसगढ़ की महिला फुटबॉल टीम ने फाइनल में झारखंड को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

2— छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने रामावतार जग्गी हत्या के मामले में अमित जोगी को तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का दिया आदेश।

3— भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि एक अप्रैल से बढ़ाकर दस अप्रैल कर दी गई है।

4— महासमुंद जिले में पुलिस और एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स ने दो करोड़ रूपये से अधिक का अवैध मादक पदार्थ जब्त कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार।

<u>खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स</u>

खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स के नौवें दिन आज छत्तीसगढ़ ने एक स्वर्ण सहित तीन पदक जीते हैं। छत्तीसगढ़ की महिला फुटबॉल टीम ने आज रायपुर में हुए फाइनल मैच में झारखंड को शून्य के मुकाबले एक गोल से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एथलेटिक्स मैदान में खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में छत्तीसगढ़ की टीम ने यह जीत हासिल की। विजयी गोल टीम की कप्तान किरण पिस्दा ने किया। उन्होंने आकाशवाणी से बातचीत करते हुए इस जीत का श्रेय पूरी टीम को दिया है।

टीम की कोच सरिता कुजूर ने कहा कि यह जीत टीम के जुझारूपन की वजह से मिली है।

इस बीच, जगदलपुर में खेले गए एथलेटिक्स के पुरूष वर्ग की चार गुणा चार सौ मीटर रिले स्पर्धा में छत्तीसगढ़ की टीम ने रजत पदक हासिल किया है।

वहीं, पुरूष वर्ग में पंद्रह सौ मीटर स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के मनीष कुमार ने कांस्य पदक जीता।

प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में फुटबॉल का फाइनल मुकाबला कल तीन अप्रैल को छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल के बीच खेला जाएगा।

छत्तीसगढ़ तीन स्वर्ण, नौ रजत, छह कांस्य पदक सहित कुल अट्ठारह पदक जीतकर पदक तालिका में नौवें स्थान पर है। पहले स्थान पर कर्नाटक है। दूसरे पर ओडिशा और तीसरे स्थान पर झारखंड है।

इस बीच, आज से अंबिकापुर में मलखंभ की स्पर्धा भी शुरू हो गई है। इसमें चौदह राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। मलखंभ को खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में डेमो खेल के रूप में शामिल किया गया है।

<u>पेट्रोकेमिकल—सीमा शुल्क</u>

केन्द्र सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष और इसके कारण दुनियाभर में कच्चे तेल की आपूर्ति में आई बाधाओं के बीच तीस जून तक महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर सीमा शुल्क में छूट दी है। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि यह उपाय घरेलू उद्योगों में आवश्यक पेट्रोकेमिकल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए अस्थायी रूप में लिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इससे संबंधित क्षेत्रों पर लागत का दबाव कम होगा और आपूर्ति में स्थिरता आएगी तथा उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। मंत्रालय ने कहा कि कुल चालीस वस्तुओं पर सीमा शुल्क में छूट

दी गई है। इनमें मेथनॉल, अमोनिया, टोल्यून, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमेथेन और विनाइल क्लोराइड मोनोमर शामिल हैं।

कर्मयोगी साधना सप्ताह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की तेजी से बदलती आकांक्षाओं के लिए एक ऐसे प्रशासनिक मॉडल की आवश्यकता है जो न केवल कुशल हो, बल्कि नागरिक–केंद्रित भी हो। उन्होंने कर्मयोगी साधना सप्ताह को संबोधित करते हुए आज एक वीडियो संदेश में यह बात कही। वर्तमान शासन को 'नागरिक देवो भव' के मंत्र से निर्देशित बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि इसका स्पष्ट उद्देश्य सार्वजनिक सेवा को अधिक सक्षम, संवेदनशील और नागरिक–केंद्रित बनाना है।

आज गवर्नेंस के जिस सिद्धांत को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। उसका मूल मंत्र है, नागरिक देवो भवः। इस मंत्र में समाहित भावना के साथ आज पब्लिक सर्विस को ज्यादा कैपेबल नागरिकों के लिए ज्यादा सेंसिटिव बनाने पर फोकस किया जा रहा है। अब शासन को सिटिजन सेंट्रिक बनाकर एक नई पहचान दी जा रही है।

क्षमता निर्माण आयोग अपने स्थापना दिवस और मिशन कर्मयोगी के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज से आठ अप्रैल तक कर्मयोगी साधना सप्ताह मना रहा है।

जनगणना 2027

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने जनगणना दो हजार सत्ताईस के लिए आज ऑनलाइन स्व–गणना प्रपत्र भरा। उन्होंने देशवासियों को आधिकारिक वेब पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन जमा करके स्व–गणना प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्व–गणना पूरी कर ली है, जो वर्ष दो हजार सत्ताईस की जनगणना के पहले चरण की शुरुआत का प्रतीक है। इस चरण में घर–घर की सूची बनाना और आवास संबंधी कार्य शामिल हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह जनगणना पहली बार डिजिटल माध्यम से डेटा संग्रह करने के लिए की जा रही है। श्री मोदी ने देश के लोगों से अपने परिवार का विवरण स्वयं भरने और जनगणना प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की।

एसआईआर–अपीलीय न्यायाधिकरण

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के अंतर्गत विचाराधीन सूची से जिन मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं, उनके मामलों की सुनवाई के लिए अपीलीय न्यायाधिकरण आज से कार्यवाही शुरू करेंगे। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्रस्तुत सभी आवेदन, दस्तावेज और जानकारी न्यायाधिकरणों को उनके निर्णय के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

जग्गी हत्याकांड–अमित जोगी

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के तत्कालीन कोषाध्यक्ष रामअवतार जग्गी की हत्या के मामले में सीबीआई की अपील को स्वीकार कर लिया है। इसके साथ ही मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने सुनवाई करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया है।

रामअवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी थी। याचिका की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय को निर्देश दिया है।

गौरतलब है कि चार जून वर्ष दो हजार तीन को रायपुर में रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में इकतीस अभियुक्त बनाए गए थे। अमित जोगी को छोड़कर अट्ठाईस लोगों को इस मामले में सजा मिली थी। ट्रायल कोर्ट ने अमित जोगी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया था।

अग्निवीर भर्ती–आवेदन

भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि एक अप्रैल से बढ़ाकर दस अप्रैल कर दी गई है। जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार इच्छुक आवेदक भारतीय सेना की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट ज्वॉइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर आवेदन कर सकते हैं।

गांजा–जब्त

महासमुंद जिले में पुलिस और एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स ने दो करोड़ रूपये से अधिक का अवैध मादक पदार्थ जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने हरियाणा के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तिरपन पर सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के रेहटीखोल के पास नाकाबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक वाहन से करीब पंद्रह सौ किलोग्राम अफीम, पोस्त और डोडा जब्त किया गया। जब्त मादक पदार्थ की कीमत दो करोड़ चौदह लाख रूपये से अधिक है।

लोकभवन–एक भारत श्रेष्ठ भारत

एक भारत–श्रेष्ठ भारत के तहत लोकभवन में कल मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, राजस्थान और ओडिशा के अलावा दादरा–नगर हवेली तथा दमन –दीव राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित थे।

केंद्रीय गृहमंत्री–सांसद मुलाकात

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से आज नई दिल्ली में राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री से बस्तर में नक्सलमुक्त अभियान को लेकर चर्चा करते हुए बस्तर को नक्सलमुक्त बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। श्री पांडेय ने कहा कि बस्तर में नक्सलवाद के समापन के बाद एक नए बस्तर का उदय हुआ है, जो बस्तर को वैश्विक पहचान दिलाएगा।

पुनर्वासित परिवार–कार्ययोजना

तेलंगाना और आंध्रप्रदेश में रह रहे बस्तर संभाग के परिवारों के पुनर्वास के लिए राज्य सरकार कार्ययोजना बना रही है। इस संबंध में मंत्रालय में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ की अध्यक्षता में पुनर्वास के लिए गठित राज्य स्तरीय अंतर्विभागीय समिति की पहली बैठक हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ से विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के संबंध में कार्ययोजना तैयार करने विचार–विमर्श किया गया।

हनुमान जन्मोत्सव

हनुमान जन्मोत्सव आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर देशभर के हनुमान मंदिरों में आज सुबह से विशेष पूजा–अर्चना के साथ अनुष्ठान और भंडारे के आयोजन किए जा रहे हैं।

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आज राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखी गई। वहीं, विभिन्न स्थानों पर सुंदरकांड, हनुमान चालीस और अखंड रामायण पाठ सहित अन्य धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इस अवसर पर कई स्थानों पर शोभायात्रा भी निकाली गई।

<u>बुलेटिन–शुभारंभ</u>

आकाशवाणी केन्द्र रायपुर के प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा आगामी पांच अप्रैल से पांच–पांच मिनट के दो अतिरिक्त प्रादेशिक समाचार बुलेटिन का प्रसारण किया जाएगा। यह समाचार बुलेटिन सुबह नौ बजकर पचपन मिनट से दस बजे तक और ग्यारह बजकर पचपन मिनट से बारह बजे तक प्रसारित किए जाएंगे। इनका प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्रों द्वारा किया जाएगा।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग के अनुसार कल छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और वज्रपात होने की चेतावनी भी दी गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>